"अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल एक जीवन रक्षक अभ्यास"

आपदा प्रबंधन के बारे में छात्र–छात्राओं के बीच जागरूकता पैदा करने के अभ्यास की श्रंखला में **10 जुलाई 2018 को कक्षा 1 से 12** तक के छात्र–छात्राओं तथा शिक्षकों को शामिल करते हुए हमारे विद्यालय फोर्ड स्कूल एण्ड कॉलेज, काजीपुर, नैनी प्रयागराज में मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे छात्र–छात्राओं के बीच अग्निशमन तकनीको तथा आपातकालीन स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया करने के तरीको के बारे में सभी को जागरूक किया जा सके।

अग्नि शमन प्रभारी नैनी, प्रयागराज श्री0 महन्तु, सह–प्रभारी श्री0 भगवान सिंह तथा कृपा शंकर तिवारी के मार्गदर्शन में आग जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के तहत छात्र–छात्राओं तथा शिक्षकों को ऐसी किसी भी आपातकालिक घटना हेतु तैयार करनें के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल आयोजित करनें का उद्देश्य किसी भी ऐसी आग की आपात स्थिति का सामना करने के लिए विद्यालय की तैयारियों की जाँच करना तथा छात्र–छात्राओं एवं शिक्षको को अग्निशमन बचाव अभियान के बारे में विस्तार से जागरूक करना था।

कार्यक्रम में कुशल अग्नि शमन कर्मियों द्वारा आग बुझाने तथ बचाव कार्यो के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस छात्र–छात्राओं तथा शिक्षको के एक समूह ने मॉक फायर तथा निकासी अभ्यास में सभी का मार्गदर्शन करने और उनकी सहायता करने के लिए खुद को सुविधाजनक स्थानो पर तैनात किया। हूटर बजने के बाद छात्रो को उनके लिए विषय के शिक्षकों द्वारा विद्यालय के मैदान में ले जाया गया। एक बार जब सभी मैदान में एकत्र हो गए तो, उन्हे किसी भी आपदा में न घबराने की सलाह दिया गया तथा उन्हे आपदा के समय शिक्षको द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया गया।

आग लगने की सूचना मिलने के तुरंत बाद ही छात्रों को निकालने का कार्य शुरू किया गया। छात्र–छात्राओं को तत्काल उनकी कक्षाओं से बाहर निकाला गया तथा उन्हे मैदान में एकत्र होने को कहा गया। सभी सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए, 4.5 मिनट के भीतर पूरी इमारत को सफलतापूर्वक खाली करा लिया।

अग्नी शमन कर्मियों के साथ सुरक्षा संबंधी सरल तथा आसान दिशा–निर्देश साझा किए। उनके द्वारा अग्नि शमन यंत्र की कार्य प्रणाली के बारे में बताया तथा आग लगने की संभावना के बारे में क्या करें तथा क्या न करें इस बारे में बताया। कुछ विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर अग्निशामक यंत्रो को स्वतंत्र रूप से संचालित करनें के लिए कहा गया। अग्नि शमन प्रभारी द्वारा यह भी बताया गया कि आपदा दो प्रकार की होती है जिसमें प्रथम आपदा स्वंय द्वारा तथा द्वितीय आपदा प्राकृति द्वारा होती है अतः इन परिस्थितियों में भगदड़ का माहौल नहीं होना चाहिए तथा समझदारी से अपने शिक्षकों द्वारा दिए जा रहे निर्देशो का पालन करना चाहिए।

मॉक ड्रिल का कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी सिंह की देखरेख में किया गया जिसके बाद उन्होनें सभी को संबोधित करते हुए इस मॉक ड्रिल के बारे में उनकी धारणा को लेकर चर्चा किया। यह सत्र जानकारीपूर्ण तथा जीवन–रक्षा कौशल पर एक अनिवार्य पाठ साबित हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहें।

भवदीया।

श्रीमती रजनी सिंह
प्रधानाचार्या
फोर्ड स्कूल एण्ड कॉलेज